वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से
डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 35] **भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 1 सितम्बर, 2017-भाद्र 10, शके 1939**

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (इन्दौर) लिमिटेड

फ्री-प्रेस हाऊस, 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, आगरा-मुम्बई रोड, इन्दौर-452011

दिनांक 22 अगस्त, 2017

[नियम-7 (5) देखिए]

[अधिनियम की धारा-4 की उपधारा (6) के अधीन अन्तिम रूप से अनुमोदित योजना क्षेत्र के प्रकाशन की सूचना]

क्र./एकेवीएन/इं/प्लानिंग/2017/13814.—मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन अधिनियम, 2013 (क्रमांक 24, सन् 2013) की धारा-4 उपधारा (6) के अधीन निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन स्कीम (पीथमपुर) के अनुमोदित योजना क्षेत्र को मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन नियम, 2016 के नियम-7 के उप-नियम (5) के अधीन सर्व-साधारण की जानकारी के लिये एतद्द्वारा अन्तिमरूप से प्रकाशित किया जाता है और उक्त योजना क्षेत्र की प्रतियाँ एजेन्सी के निम्नलिखित कार्यालय में 90 दिन के लिये निरीक्षण हेतु कार्यालयीन समय में उपलब्ध है:-

मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (इन्दौर) लिमिटेड

फ्री-प्रेस हाऊस, 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, आगरा-मुम्बई रोड, इन्दौर-452011

उपरोक्त निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति, योजना क्षेत्र (अंतिम) के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर, अपीलीय प्राधिकारी (संचालक मण्डल, एम. पी. ट्रायफेक) को अपील प्रस्तुत कर सकेगा.

कुमार पुरूषोत्तम,
प्रबंध संचालक,

(332-बी.)

उप-नाम परिवर्तन

मैं, कमलेश कुमार पसेरिया तनय स्व. श्री कारेलाल पसेरिया, आयु 46 वर्ष, वार्ड न. 14, साम्हू घाट बिहारी जी मन्दिर के पास नागोद,

जिला सतना मध्यप्रेदश का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूँ कि मेरे समस्त सर्विस अभिलेखों में मेरा सरनेम डोमार लिखा है पसेरिया और डोमार एक ही वर्ग की श्रेणी में आते हैं. अत: मैं, अपना सरनेम डोमार को परिवर्तित कर पसेरिया कर लिया हूँ. अब मुझे कमलेश कुमार पसेरिया के नाम से जाना, पहचाना व सभी अभिलेखों में दर्ज किया जावे.

पुराना नाम : नया नाम :

(कमलेश कुमार डोमार) **(कमलेश कुमार पसेरिया)**

(321–बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, सौम्या बावनकुले पत्नी गौरव बावनकुले, मेरा पुराना नाम अरूणा जिभकाटे था, विवाह अपरांत मेरा नाम परिवर्तित हो गया है. अत: मुझे सभी दस्तावेजों में सौम्या बावनकुले पत्नी गौरव बावनकुले नाम से जाना व पहचाना जाये.

पुराना नाम : नया नाम :

(अरूणा जिभकाटे) **(सौम्या बावनकुले)**

(322–बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, मनीष भैंसारे पुत्र श्री प्रताप सिंह भैंसारे सर्व–साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे सरनेम भैंसारे को हटाकर मनीष प्रताप सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह भैंसारे हो गया है. अत: मेरे नाम के आगे जहां भी भैंसारे लिखा है उसे हटाकर मेरा नाम मनीष प्रताप सिंह पढ़ा व पुकारा जाए.

पुराना नाम : नया नाम :

(मनीष भैंसारे) **(मनीष प्रताप सिंह)**

(MANISH BHAISARE) **(MANISH PRATAP SINGH)**

(323–बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, पाडूरंग पिता काशिनाथ पवार, निवासी वार्ड क्रमांक 44, मकान नंबर 18/2 कोष्टी की चाल, मिल चाल लालबाग,बुरहानपुर, मध्यप्रदेश सर्व–साधारण को सूचित करता हूँ मैंने अपना नाम पाडूरंग पिता काशिनाथ पवार के स्थान पर परिवर्तित कर नारायण पिता काशिनाथ पवार कर लिया है तथा मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों के रूप में मेरे नवीन नाम नारायण पिता काशिनाथ पवार के रूप में ही मुझे जाना एवं पहचाना जावे.

पुराना नाम : नया नाम :

(पाडूरंग) **(नारायण)**

पिता काशिनाथ पवार. पिता काशिनाथ पवार.

(324–बी.)

नाम परिवर्तन

सूचित हो कि मेरा वास्ताविक व सही नाम "नरेश कुमार सदावना" तथा मेरा यह नाम मेरे अधिकांश दस्तावेज शैक्षणिक, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड आदि में दर्ज/अंकित है. मेरा घरेलू नाम "संजय बजाज" है व मेरा यह घरेलू नाम भी मेरे दस्तावेजों (सम्पत्तियों) में दर्ज/अंकित है. उक्तानुसार वर्णित दोनों नाम क्रमश: मेरा वास्तविक व सही नाम "नरेश कुमार सदावना" तथा मेरा घरेलू नाम "संजय बजाज" यह दोनों नाम मेरे ही होकर एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के नाम हैं व मैं अपने उक्त दोनों नामों से जाना–पहिचाना व संबोधित किया जाता हूँ.

(नरेश कुमार सदावना)
जनक पिता श्री पिताम्बर दास सदावना,
(संजय बजाज),
दत्तक पिता झामनदास बजाज,
133, प्रिकांको कॉलोनी अन्नपूर्णा रोड,
इन्दौर (म.प्र.).

(325–बी.)

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि श्रीमती ऊषा भरदेलिया, गाँधी चौक, खनियाधाना, जिला शिवपुरी के पति श्री अजय कुमार भरदेलिया का स्वर्गवास दुर्घटना में दिनांक 21-09-2016 को हो गया था. स्व. पति द्वारा सेवा पुस्तिका में ससुराल में घर का नाम रीना भरदेलिया लिखा गया है. प्रार्थिनी के मायके का नाम ऊषा है, जो आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में है. मृत्यु के बाद मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान ऊषा भरदेलिया के नाम से किये जाने में किसी को आपित्त हो या हक समझता हो तो 15 दिवस में प्रार्थिनी के उक्त पते पर आपत्ति दर्ज करा सकता है. अन्यथा ऊषा भरदेलिया को वैध पत्नि मानकर जाना जायेगा.

प्रेषक

(ऊषा)

पत्नि स्व. अजय कुमार भरदेलिया,
गाँधी चौक, खनियाधाना,
जिला शिवपुरी (म.प्र.).

(326-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण व आम जनता को जाहिर सूचना के माध्यम से अवगत व सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे पिता द्वारा धार्मिक परम्परा, गुरूग्रंथ साहेब के अनुसार सतपालसिंह पिता सुजानसिंह गुरूतत्ता रखा गया था और मुझे बचपन से घर परिवार व समाज में सतपालसिंह के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाता है तथा मेरा नाम सतपालसिंह के नाम से ही लिखा भी जाता रहा है और मेरा आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी, ड्रईविंग लायसेंस में सतपालसिंह गुरूतत्ता नाम ही दर्ज है.

मेरे पिता द्वारा मुझे प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के समय भी मेरा नाम सतपालसिंह ही लिखवाया जाने हेतु कहा गया था परन्तु विद्यालय अभिलेख में सतपालसिंह के स्थान सत्यपालसिंह दर्ज करा लिया गया था. जो मेरी प्राथमिक विद्यालय के दस्तावेजों हायर सेकेण्डरी अंकसूची व महाविद्यालय के दस्तावेजों में अंकसूची व डिग्री में सत्यपालसिंह दर्ज हो गया था.

बैंक सेवा अभिलेख में नियुक्ति पत्र में मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज अनुसार सत्यपालसिंह किया गया है, और उसी नाम से मुझे नियुक्ति भी दी गई है.

मुझे मेरे नियोक्ता सैंट्रल मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय के द्वारा पत्र क्रमांक प्रका/06/एचआरडी/2017-18/704, दिनांक 17 जून, 2017 के द्वारा नाम में आंशिक परिवर्तन सत्यपालसिंह गुरूतत्ता के स्थान पर सतपालसिंह गुरूतत्ता करने हेतु आवश्यक कानूनी प्रक्रिया करने की अनुमती सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी गई है.

मेरा नाम धार्मिक परम्परा व गुरूग्रंथ साहेब के अनुसार सतपालसिंह रखा गया है, जो हमारे धर्म अनुसार सही है, और मैं अपने नाम को सतपालसिंह के नाम से ही सभी कार्यालय अभिलेखों, नियुक्ति पत्र व सेवा अभिलेख व शैक्षणिक दस्तावेजों में व बैंक प्राविडेंट फण्ड, बीमा पॉलिसियों आदि अन्यान्य सभी दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहता हूँ, और उसके लिए समर्थन में यह जाहिर सूचना प्रकाशन करवा रहा हूँ.

पुराना नाम :

(सत्यपालसिंह)

पिता सुजानसिंह गुरूतत्ता.

नया नाम :

(सतपालसिंह गुरूतत्ता)

पिता सुजानसिंह गुरूतत्ता,
निवासी-24, अंशुल विहार,लालघाटी रोड,
मंदसौर, जिला मंदसौर.

(327-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बोलता नाम अनमोल गर्ग है. जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में जैसे जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, मार्कशीट इत्यादित में वत्सल गर्ग है. मुझे वत्सल गर्ग के नाम से ही जाना, पहचाना एवं पुकारा जाये तथा शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मुझे वत्सल गर्ग के नाम से सम्बोधित किया जाये. आम-जन एवं सर्वजन सूचित हों.

पुराना नाम :

(अनमोल गर्ग)

नया नाम :

(वत्सल गर्ग)

पत्तलवाली गली, ढोली बुआ का पुल,
ग्वालियर.

(333-बी.)

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स त्रिवेणी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स ने दिनांक 01-07-2017 से फर्म के वर्तमान पते B. T. I. के पास, तलैया फील्ड, पन्ना को बदलकर E7/60, अशोक सोसायट, अरेरा कॉलोनी, भोपाल कर लिया है.

मैसर्स त्रिवेणी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स,
S. K. AGARWAL,
पन्ना.

(320-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रार्थी फर्म मैसर्स भगवान ग्रुप, 104, दुर्गा नगर, लहार रोड, भिण्ड, जिसका पंजीयन क्रमांक 02/43/07/00225/13, दिनांक 16-01-2013 है जिसमें दिनांक 01-07-2017 को अपनी साझेदारी फर्म में संशोधन कर पक्षकार क्रमांक 2 श्री उमेश सिंह पुत्र श्री सतेन्द्र सिंह, आयु 29 वर्ष, निवासी दुर्गा नगर, लहार रोड, भिण्ड व पक्षकार क्रमांक 3 श्री शम्भू सिंह पुत्र श्री दामोदर सिंह, आयु 45 वर्ष, निवासी न्यू लक्ष्मी कॉलोनी, वाटर वर्क्स, भिण्ड जो कि फर्म से स्वेच्छा से पृथक् हो गये हैं. फर्म से पृथक् हुए पक्षकार भविष्य में फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन-देन या अन्य कार्यों में इनका कोई लेना देना शेष नहीं रहा है तथा भविष्य में फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन-देन या अन्य कार्यों में अपने शेयर के मुताविक शेष साझेदार जिम्मेदार होंगे और वे फर्म के चालू रहने वाले अन्य साझेदार को स्वीकार है.

मैसर्स भगवान ग्रुप,
भगवान सिंह,
(पार्टनर).

(328-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रार्थी फर्म मैसर्स सिंघल कंस्ट्रक्शन कम्पनी, एम. एस. रोड, कैलारस, जिला मुरैना, जिसका पंजीयन क्रमांक ARG/FIRM/86/2004-05, दिनांक 28-02-2005 है जिसमें दिनांक 01-04-2016 को अपनी साझेदारी फर्म में संशोधन कर पक्षकार क्रमांक 2 श्री विशम्भर दयाल सिंघल पुत्र श्री रामजी लाल सिंघल व पक्षकार क्रमांक 3 श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंघल पुत्र श्री शंकर लाल सिंघल व पक्षकार क्रमांक 4 श्री सतीष कुमार पुत्र श्री शंकर लाल सिंघल तथा पक्षकार क्रमांक 5 श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री शंकर लाल सिंघल जोकि अपनी स्वेछा से पृथक् हो गये हैं तथा उनके स्थान पर नवीन साझेदार के रूप में पक्षकार क्रमांक 2 श्री आकाश सिंघल पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंघल व पक्षकार क्रमांक 3 श्री राधे श्याम बंसल पुत्र श्री बाबू लाल बंसल व पक्षकार क्रमांक 4 श्रीमती सरोज बंसल पत्नि श्री विनोद बंसल तथा पक्षकार क्रमांक 5 श्रीमती रेनू बंसल पत्नि श्री सौरव बंसल जो कि नवीन साझेदार के रूप में शामिल हो गये हैं तथा भविष्य में फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन-देन या अन्य कार्यों में अपने शेयर के मुताबिक शेष साझेदार जिम्मेदार होंगे और वे फर्म में चालू रहने वाले अन्य साझेदार को स्वीकार है.

मैसर्स सिंघल कंस्ट्रक्शन कम्पनी,
आकाश सिंघल,
(पार्टनर).

(329-बी.)

NOTICE

U/s 72 of the Indian Partnership Act, 1932

Notice is hereby given that the firm " M/s J.B.B AIR SERVICES" of Bhopal *Vide* Reg. No. 01/01/01/00257/11, Date of Registration 23-09-2011 undergone the following changes:-

1. That Mr. Shivam Rai S/o Shri Deen Dayal Rai has shown his desire to join the Partnership firm *w.e.f.* 26-07-2017 and Mr. Chandan Vaishnav S/o Shri R. P. Vaishnav has expressed his desire to retire from the Partnership firm *w.e.f.* 26-07-2017.

2. That M/s J.B.B Air Services shall be continue to carry on the business of partnership from C-117, Bhel Sangam Society, Bagmugaliya Bhopal (M.P.) firm *w.e.f.* 26-07-2017.

"M/s J.B. B AIR SERVICES "
R.D. RAI,
(Partner)
C-117, Bhel Sangam Society,
Bagmugaliya, Bhopal (M.P.).

(330-B.)

NOTICE

U/s 72 of the Indian Partnership Act, 1932

Notice is hereby given that the firm " M/s PRASUN PHARMA" of Bhopal Vide Reg. No. 01/01/01/0303/15, Dated 2-11-2015 has undergone the following changes :-

1. That Mr. HITESH SAMPAT S/o Mr. NARENDRA SAMPAT has joined the partnership firm *w.e.f.* 01-05-2017.

"M/s PRASUN PHARMA"
SANJAY LOHIA,
(Partner)
G-2, Minoti Complex, B-Sector,
Kolar Road, Bhopal (M.P.).

(331-B.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है भागीदारी फर्म मैसर्स बालाजी एग्रो इण्डस्टीज, इण्डस्ट्रीयल ऐरिया मण्डी सीहोर, जिसका पंजीयन क्रं. 01/02/01/0083/16, दिनांक 24 जून, 2016 है. जिसका दिनांक 31-05-2017 से विघटन कर दिया गया है. दिनांक 01-06-2017 से दोनों भागीदार अपना-अपना व्यवसाय करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे.

मैसर्स बालाजी एग्रो इण्डस्टीज,
दुर्गेश कुमार मिस्त्री,
(भागीदार)
इण्डस्ट्रीयल ऐरिया मण्डी, सीहोर.

(334-बी.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, अनुभाग दतिया

प्र.क्र. 01/बी-113/2016-17.

दतिया, दिनांक 08 अगस्त, 2017

उद्घोषणा

बनाम:- आम-जनता

जरिये उद्घोषणा द्वारा आम-जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास गोस्वामी पुत्र सुरेश चन्द्र एवं आकाश शिवहरे पुत्र देवीप्रसाद, निवासी ग्वालियर मध्यप्रदेश लोक न्यास पंजीयन 1951 की धारा-4 के तहत "केयर एण्ड अवेयर फाउण्डेशन" के गठन किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है. जिसका विवरण निम्नानुसार है-

1. न्यास का पूरा नाम- "केयर एण्ड अवेयर फाउण्डेशन"

2. न्यास का कार्यालय का स्थायी पता-पार्वती बिहार कॉलोनी, उनाव रोड दतिया.

लोक न्यास का उद्गम प्रकृति और उद्देश्य:-

मानसिक रोगी, बेसहारा, अनाथ बच्चों एवं गरीब लोगों को चिकित्सा, शिक्षा एवं आश्रय स्थल उपलब्ध कराना. शिशु गृह, नारी निकेतन, अनाथ आश्रम एवं छात्रावास संचालित करना. वरिष्ठ नागारिकों के अनुभव से शिक्षा के प्रसार प्रचार हेतु विद्यालय एवं कॉलेज संचालित करना जल संरक्षण हेतु कार्य करना. प्राकृतिक आपदा में मदद, कुपोषण, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करना. महिलाओं के उत्थान हेतु प्रशिक्षण केन्द्र, नशा मुक्ति हेतु आंदोलन, ड्रग से पीड़ित व्यक्तियों आदि के लिए प्रशिक्षण केन्द्र, पुनर्वास केन्द्र एवं परामर्श केन्द्रों का संचालन करना. दवा वितरण, केंसर, सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करना.

3. न्यास की चल/अचल संपत्ति का विवरण:- 50,000 रुपये.

4. न्यास की आय का स्त्रोत:- न्यासी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा दान में दी गई राशि एवं सरकारी अनुदान.

उक्त ट्रस्ट के पंजीयन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर इस न्यायालय में प्रस्तुत करें. अवधि समाप्ति के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा.

वीरेन्द्र कटारे,
अनुविभागीय अधिकारी.

(1435)

न्यायालय लोक न्यास, पंजीयन एवं अनुविभागीय अधिकारी नागदा, जिला उज्जैन

प्र. क्र. 04/बी-113/13-14.

प्रारूप क्र. 5

[देखें नियम-5 (1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम-1962 के नियम-5 (1) के द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक नागदा, जिला उज्जैन के समक्ष.

यह मुझे यह प्रतीत होता है कि अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-2 की उपधारा (04) के आशय के अधीन लोक न्यास का गठन करती हूँ.

अब इसलिये मैं, पंकज मारु नि. नागदा जं. ने स्नेह सूरजबाई चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट, नागदा जं. लोक न्यासों का पंजीयक नागदा जं., जिला उज्जैन मेरे न्यायालय में 15-07-14 के 30 दिवस पर कथित अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) में यथा अपेक्षित मामले में जांच करने को प्रस्तावित करता हूँ.

एतद्द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित न्यास या संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या इसमें हितबद्ध कोई व्यक्ति और आपत्ति या सुझाव देने का आशय रखने वाले को दो प्रतियों में इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व संपत्ति का विवरण)

न्यास का नाम	:	स्नेह सूरजबाई चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट
कार्यालय	:	3/10 आदर्श गांधी ग्राम कॉलोनी, नागदा जं., जिला उज्जैन
चल सम्पत्ति	:	निल.
अचल सम्पत्ति	:	5 हजार वर्ग फिट भूमि सर्वे क्र. 240/2 ग्राम पाडल्याकला

रजनीश श्रीवास्तव,

(1436) पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी/पंजयीक, पब्लिक ट्रस्ट बरेली, जिला रायसेन

[धारा-5(2)मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 (30 सन् 1951) और 5 (1) मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट 1962 के अंतर्गत]

मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसूची में दिये गये जायदाद मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा उप-धारा (4) के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट है.

अतएव मैं, ओ. पी. सोनी, पंजीयक, ट्रस्ट उक्त एक्ट की धारा-5 की उपधारा (1) के अनुसार अपने न्यायालय में दिनांक 02-06-16 इस मामले की जांच करना चाहता हूँ.

अतः यह सूचना दी जाती है कि निम्नांकित ट्रस्ट का कोई व्यक्ति ट्रस्ट की कार्यवाही में सदस्य या अन्य कोई व्यक्ति रुचि रखने वाला आपत्ति या सुझाव प्रकट करना चाहता है तो लिखित उत्तर दो प्रतियों में सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि के अन्दर प्रस्तुत करें, और उपरोक्त दिनांक को स्वंय या किसी अधिवक्ता या अधिकृत एजेन्ट द्वारा न्यायालय में उपस्थि हो. उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों में कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अधिसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता और चल/अचल संपत्ति का विवरण)

लोक न्यास का नाम व पता : मंदिर श्री रामजानकी ग्राम हरसिली, तहसील बाड़ी, जिला रायसेन म.प्र.

(1) कार्यकारी न्यासी एवं प्रबंधकों का विवरण :-

1. भगवत सिंह ठाकुर आ. श्री रामरतन सिंह ठाकुर, आयु लगभग 71 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली. (अध्यक्ष)
2. धनराज सिंह आ. श्री धर्मदास सिंह ठाकुर आयु लगभग 72 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली. (वरिष्ठ उपाध्यक्ष)

3. गुलाब सिंह आ. श्री रतन सिंह ठाकुर (करिष्ठ उपाध्यक्ष)
आयु लगभग 50 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

4. राजेश सिंह आ. श्री भैरव सिंह ठाकुर (सचिव)
आयु लगभग 47 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

5. गोपाल सिंह आ. सदाराम ठाकुर (कोषाध्यक्ष)
आयु लगभग 50 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

6. गंगाराम आ. श्री गजराज सिंह ठाकुर (सदस्य)
आयु लगभग 60 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

7. मनमोद सिंह आ. श्री सेठराज ठाकुर (सदस्य)
आयु लगभग 52 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

8. शंकर सिंह (बखा) आ. श्री बारेलाल ठाकुर (सदस्य)
आयु लगभग 56 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

9. रघुवीर सिंह आ. हरचरणलाल ठाकुर (सदस्य)
आयु लगभग 75 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

10. शंकरसिंह (कर्चली) आ. श्री निरपत सिंह ठाकुर (सदस्य)
आयु लगभग 60 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

11. माखनलाल दुवे आ. श्री नर्वदा प्रसाद दुवें (सदस्य)
आयु लगभग 50 वर्ष, निवासी ग्राम हरसिली.

12. तहसीलदार तहसील बाड़ी (पदेन) (संरक्षक)

13.

न्यास के संबंध में यदि कोई स्कीम हो तो उसके ब्यौरे संलग्न दस्तावेज न्यास विलेख के अनुसार रहेंगे.

(अ) अचल सम्पत्ति का विवरण:-

(अ) भूमि सर्वे क्र. 25/2 रकबा 0.07 एकड़

(ब) भूमि सर्वे क्र. 39/1 रकबा 1.33 एकड़

(स) भूमि सर्वे क्र. 41/1/2 रकबा 3.00 एकड़

(द) धर्मशाला 30 वाय 30 फिट जिसके पूर्व में बारेलाल का मकान, पश्चिम में मंदिर, उत्तर में स्व. गोपाल सिंह का मकान दक्षिण में सेवा सहकारी संस्था स्थित है.

(ब) चल सम्पत्ति का विवरण:-

एक तखत, एक स्टूल, एक बड़ा मचान, एक भगवान का झूला, एक भगवान का विमान, एक तावे का लोटा, एक तावे का छोटा जग, चार वाल्टी स्टील की, एक मिक्सी, एक पीतल की थाली, एक छोटी कढ़ाई, एक पीतल लोटा, एक ग्लास, एक कोंचा बडा लोहे का, एक कल्ची बड़ी स्टील की, एक टंकी, टीन की बड़ी पेटी, एक लोहे की छोटी पेटी, एक चादर फर्स की माईक मशीन एक, हारमोनियम, ढोलक एवं मजीरा, दो बड़ी दरी, छै उनी कम्बल.

(2) न्यास की आय के स्त्रोत:-

(1) प्राकृलित मूल्य 20,00,000 रु.

(2) कृषि भूमि की नीलामी एवं दान 20,000 रु.

न्यास की प्रमुख आमदानी का स्त्रोत न्यासी सदस्यों एवं दानदाताओं द्वारा दान की गई धनराशि है इसके अतिरिक्त न्यास शासन प्रदेश केन्द्र निगमित निकाय एवं अन्य किसी सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओं से अनुदान प्राप्त करेगा.

(3) औसत वार्षिक आय :- 60,000/- रु. अक्षरी साठ हजार रुपये प्रतिवर्ष.

न्यास की सदस्यता प्रबंध कारकों का गठन, उद्देश्य, दैनिक कार्यों की देखरेख वित्तीय कार्यों की देखरेख, पदाधिकारियों के अधिकार व कर्तव्य से संबंधित है.

उक्त प्रस्तावित न्यास के सदस्यों/प्रबंधकों के सम्बंध में भी यदि किसी को आपत्ति हो वह दिनांक 25 अगस्त, 2016 को अथवा उसके पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है.

ओ. पी. सोनी,
पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी
(1437) (राजस्व).

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मझगवां एवं पंजीयक, लोक न्यास, जिला सतना

प्रारूप क्रमांक-5

[देखिए नियम-5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम -5 (1) के द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक अनुभाग मझगवां, जिला सतना के समक्ष.

अत: मुझे यह प्रतीत होता है कि अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-2 की उपधारा (4) के आशय के अधीन लोक न्यास का गठन करती है.

अब इसलिए मैं, ए. पी. द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), मझगवां एवं पंजीयक लोक न्यास, जिला सतना, लोक न्यासों के पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 28 अगस्त, 2017 को कथित अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कथित न्यास की सम्पत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या इसमें हितबद्ध किसी व्यक्ति और आपत्ति या सुझाव देने का आशय रखने वाले को दो प्रतियों में इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से 01 माह के भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा.

(1438)

प्रारूप क्रमांक-4

[देखिए नियम-5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम -5 (1) के द्वारा]

लोक न्यास न्यासों के पंजीयक अनुभाग मझगवां, जिला सतना के समक्ष.

आवेदक रामस्वरूप तनय रामचरण लेखरा, निवासी लवकुश नगर लौंडी, जिला छतरपुर मध्यप्रदेश ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अंतर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए आवेदन किया है, एतद्द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन-पत्र दिनांक 28 अगस्त, 2017 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जायेगा.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध किसी व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

1. न्यास का नाम पता : अखिल भारतीय लखेरा धर्मशाला ट्रस्ट चित्रकूट, सतना रोड चित्रकूट, जिला सतना म.प्र.

2. अचल सम्पत्ति	:	ग्राम रजौला की आराजी नं. 23/16, 25/2 व 27/24 कुल रकबा 0.043 हे.(धर्मशाला निर्माण हेतु).
3. चल सम्पत्ति	:	15,000/- (पन्द्रह हजार रुपये मात्र).

उक्त विज्ञपत्ति आज दिनांक 30 जुलाई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई.

ए. पी. द्विवेदी,

(1438-A) अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा)

क्र./1688/प्रवा./17.

सारंगपुर, दिनांक 11 जुलाई, 2017

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5(2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम-1962 की धारा-5(2) देखिये]

शीर्षकः-सरदार पटेल मानव सेवा ट्रस्ट पंजीयन लोक न्यास के समक्ष.

क्र./ /बी-121/2016-17.—चूंकि श्री अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पाटीदार, निवासी शिवधाम कॉलोनी पचोर द्वारा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1950 की धारा-4 के अन्तर्गत जो कि एक पंजीकृत धार्मिक एवं सामाजिक सेवा गतिविध-स्वरूप का होगा के पंजीयन हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया जिसकी चल-अचल संपत्ति परिशिष्ट में दर्शायी गई है. सर्व संबंधित को यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रार्थना-पत्र मेरे न्यायालय में विचारार्थ नियत है जो भी व्यक्ति उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो इसके बारे में कोई सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस अधिसूचना द्वारा सूचना दी जाती है कि वह अवधि सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर सुझाव, आपत्ति दो प्रतियों में स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करें.

उक्त नियत अवधि के पश्चात सुझाव, आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट-अ

(लोक न्यास का नाम और पता एवं संपत्ति का विवरण)

1. लोक न्यास का नाम	:	सरदार पटेल मानव सेवा ट्रस्ट शिवधाम कॉलोनी पचोर द्वारा जिला राजगढ़ म.प्र.
2. न्यास की चल संपत्ति का विवरण	:	5100/- रुपये (इक्कावन सौ रुपये)
3. न्यास की अचल संपत्ति का विवरण	:	निरंक.

उक्त विज्ञप्ति आज दिनांक 11 जुलाई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई.

रमेश पाण्डेय,

(1439) अनुविभाीय अधिकारी एवं पंजीयक.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर एवं पंजीयक, लोक न्यास, जिला सतना

प्रारूप क्रमांक-4

[देखें नियम-5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम -5 (1) के द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक सतना जिला के समक्ष.

यतः कि श्री महेन्द्र प्रसाद तिवारी तनय स्व. काशी प्रसाद तिवारी, निवासी जवाहर नगर, सतना, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अंतर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए आवेदन किया है, एतद्द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 13 सितम्बर, 2017 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जायेगा.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के

प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

1. न्यास का नाम व पता	:	गायत्री शक्ति पीठ ट्रस्ट मुख्तियारगंज, सतना.
2. अचल सम्पत्ति	:	आ. नं. 581/1/2/7 अमौधाकला.
3. चल सम्पत्ति	:	78,64,445.00 रुपये बैंक खाता में जमा.

प्रारूप क्रमांक-5

[देखें नियम-5(1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम -5 (1) के द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक, सतना के समक्ष.

अतः मुझे यह प्रतीत होता है कि अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-2 की उपधारा (4) के आशय के अधीन लोक न्यास का गठन करती है.

अब इसलिए मैं, बलवीर रमण, जिला सतना लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 13 सितम्बर, 2017 को कथित अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कथित न्यास की सम्पत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या इसमें हितबद्ध कोई व्यक्ति और आपत्ति या सुझाव देने का आशय रखने वाले को दो प्रतियों में नियत दिनांक 13 सितम्बर, 2017 के भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा.

बलवीर रमण,
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

(1440)

न्यायालय रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, इन्दौर

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5(2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5(1) के अंतर्गत]

आवेदक शिव वाहिनी सेवा न्यास, पता-2, इमली बाजार, बी. एम. कॉम्पलेक्स, द्वितीय मंजिल, इन्दौर तर्फे कार्यकारी न्यासी मनीष पिता श्री दाउलाल बिन्नानी, पता-डी-39, सुदामा नगर, इन्दौर द्वारा शिव वाहिनी सेवा न्यास इन्दौर (मध्यप्रदेश) का पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4(2) के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है के संबंध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल संपत्ति का विवरण)

1. ट्रस्ट का नाम : "शिव वाहिनी सेवा न्यास"

2. पता	:	कार्यालय-2, इमली बाजार, बी. एम. कॉम्पलेक्स, द्वितीय मंजिल, इन्दौर (मध्यप्रदेश).
3. चल-अचल संपत्ति	:	न्यास की चल सम्पत्ति में रुपये 5,000/- (अक्षरी रुपये पाँच हजार मात्र) नगद है जिससे न्यास शुरू किया जा रहा है तथा अचल सम्पत्ति निरंक है.

आज दिनांक 12 जुलाई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(1441)

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5(2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5(1) के अंतर्गत]

आवेदक लर्न फाउंडेशन फॉर एम्पॉवरमेंट एजुकेशनल ट्रस्ट, पता-25, बैराठी कॉलोनी नं. शिकर पुर धर्मशाला के सामने इन्दौर तर्फे कार्यकारी न्यासी श्री नवदीप पिता सोमदेव यादव अन्य-1 के द्वारा लर्न फाउंडेशन फॉर एम्पॉवरमेंट एजुकेशनल ट्रस्ट इन्दौर (मध्यप्रदेश) का पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4(2) के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी संपत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है के संबंध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल संपत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	"लर्न फाउंडेशन फॉर एम्पॉवरमेंट एजुकेशनल ट्रस्ट"
पता	:	कार्यालय-25, बैराठी कॉलोनी नं. शिकर पुर धर्मशाला के सामने इन्दौर (मध्यप्रदेश).
चल संपत्ति	:	न्यास की वर्तमान में चल सम्पत्ति में नगद 10,000/- (दस हजार मात्र) है जिससे न्यास का प्रारम्भ किया जा रहा है.
अचल संपत्ति	:	निरंक है.

आज दिनांक 02 अगस्त, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

बिहारीसिंह,
पंजीयक.

(1452)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी, पूर्व (सा.) वनमण्डल, मण्डला

प्रकरण का विवरण:-

परिक्षेत्र जगमण्डल अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक सिमरिया हेतु परिक्षेत्र सहायक हेमर निम्नानुसार आकृति का आवंटित किया गया था. उप-वनमण्डलाधिकारी जगमण्डल के पत्र क्रमांक 1354, दिनांक 09 सितम्बर, 2016 से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार वर्तमान परिक्षेत्र सहायक सिमरिया द्वारा दिनांक 31 मई, 2016 को सिमरिया वृत्त का प्रभार प्राप्त किया गया, किन्तु हेमर प्राप्त न होने की सूचना दिनांक 16 जुलाई, 2016 लगभग $1^1/_2$ माह पश्चात् दी गई है. इस प्रकार परिक्षेत्र सहायक सिमरिया द्वारा लापरवाही बरती गई, इसी प्रकार परिक्षेत्र कार्यालय से उक्त सूचना दिनांक 06 सितम्बर, 2016 को कार्यालय उप-वनमण्डलाधिकारी जगमण्डल में विलम्ब से भेजी गई. इस लापरवाही के कारण संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित हेतु प्रतिवेदित किया गया है.

तत्संबंध में कार्यालीयन पत्र क्र./मा.चि./1329, दिनांक 19 सितम्बर, 2016 से श्री फागूलाल जंघेला, परिक्षेत्र सहायक, सिमरिया को प्रभार सूची में हेमर दर्शित है किन्तु हेमर प्राप्त न होने की सूचना लगभग $1^1/_2$ माह पश्चात् दी गई है, जो कि घोर लापरवाही का प्रतीक होने से कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया है तथा कार्यालयीन पत्र क्र./मा.चि./1356, दिनांक 22 सितम्बर, 2016 से परिक्षेत्र अधिकारी जगमण्डल को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है.

उप-वनमण्डलाधिकारी जगमण्डल के पत्र क्र./1719, दिनांक 25 अक्टूबर, 2016 से संबंधितों के विरुद्ध शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित तथा पूर्व में प्रदायित हेमर अपलेखित करने एवं नया हेमर प्रदाय करने की अनुशंसा सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. उपवनमण्डलाधिकारी जगमण्डल के प्रतिवेदनानुसार हेमर के अपलेखन की कार्यवाही करने हेतु कार्यालयीन पत्र क्र./मा.चि./1559, दिनांक 18 नवम्बर, 2016 से परिक्षेत्र अधिकारी जगमण्डल को संबंधित पुलिस थाना में हेमर गुम होने की एफ. आई. आर. दर्ज कराकर रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत करने हेतु लेख करने पर परिक्षेत्र अधिकारी जगमण्डल द्वारा अपने पत्र क्र./1235, दिनांक 16 नवम्बर, 2016 से हेमर गुम होने की सूचना पुलिस चौकी अंजनिया में प्रस्तुत कर प्रति प्रस्तुत की गई है. अत: हेमर अपलेखन के संबंध में मैं आदेश देता हूँ कि :-

आदेश

आ.क्र./288 मण्डला, दिनांक 28 जून, 2017

वन वित्तीय नियम, 124 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए निम्नांकित आकृति का 1 पर्सनल हेमर भण्डार से अपलेखित करने एवं हेमर के पुस्तकीय मूल्य रुपये 97/- वसूल करने का आदेश दिया जाता है. किन्हीं भी व्यक्ति द्वारा अंकित आकृति के हेमर का उपयोग करते हुए पाये जाने पर अवैधानिक होगा. उपरोक्त हेमर किसी व्यक्ति को मिले तो वे तत्काल निकटवर्ती पुलिस थाने या अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में जमा करें.

इस विज्ञप्ति के पश्चात् यदि कोई व्यक्ति के द्वारा उक्त हेमर गुम दिनांक से अनाधिकृत रूप से रखने या प्रयोग में लाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध दण्ड विधान के अनुसार कार्यवाही की जावेगी.



पी. पी. टिटारे,
(1447) वनमण्डलाधिकारी.

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य रायसेन

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण:-

वन परिक्षेत्र गढ़ी द्वारा उनके पत्र क्रमांक1249, दिनांक 01 जुलाई, 2017 से अवगत कराया गया है कि परिक्षेत्र सहायक गैरतगंज के प्रतिवेदन अनुसार तत्कालीन परिक्षेत्र सहायक श्री हिम्मत सिंह वर्मा, वनपाल का दिनांक 11 जून, 2017 को हृदय गति रूक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया. जिसके उपरांत श्री राकेश प्रसाद राय वनपाल को वन वृत गैरतगंज का परिक्षेत्र सहायक पदस्थ किया गया. दिनांक 29 जून, 2017 को स्व. श्री हिम्मत सिंह वर्मा वनपाल के बड़े भाई श्री श्यामलाल वर्मा एवं श्री शैलेन्द तिवारी वनरक्षक व अन्य पंचों के समक्ष, कार्यालय परिक्षेत्र सहायक वृत गैरतगंज का ताला श्री राकेश प्रसाद राय वनपाल द्वारा शासकीय अभिलेख निकालने हेतु खुलवाया गया. ताला खुलवाने के उपरांत प्राप्त अभिलेखों की सूची तैयार कर समस्त अभिलेख प्राप्त किये गये. किन्तु परिक्षेत्र सहायक वृत्त गैरतगंज को जारी किया गया. निम्न दर्शित हेमर प्राप्त नहीं हुआ. हेमर गुम हो जाने की सूचना श्री राकेश प्रसाद राय, वनपाल द्वारा थाना गैरतगंज में दी गई एवं उक्त हेमर को गुमा हुआ मानकर हेमर-अपलेखन किये जाने की अनुशंसा की है.

उक्त संबंध में उप-वनमण्डलाधिकारी सामान्य रायसेन के पत्र क्रमांक 2005, दिनांक 04 जुलाई, 2017 से अवगत कराया गया. ऐसी दशा में यह आवश्यक हो गया कि उक्त हेमर को अपलेखित किया जावे.

अत: प्रकरण में आदेश पारित किया जाता है कि:-

क्र./स्टोर शाखा/123 रायसेन, दिनांक 14 जुलाई, 2017

वन वित्तीय नियम, की धारा-124 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग कर गुमशुदा हेमर शासकीय अभिलेख से अपलेखित किया जाता है.

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को निम्नांकित हेमर मिले तो उस हेमर को निकटम पुलिस थाने या वन विभाग के कार्यालय में जमा करें. इस विज्ञप्ति अनुसार यदि किसी व्यक्ति द्वारा निम्नांकित आकृति के हेमर को अनाधिकृत रूप से रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दाण्डिक कार्यवाही की जावेगी तथा भारतीय वन अधिनियम की धारा-63 के प्रावधानों के अंतर्गत दण्ड का भागी होगा.

हेमर का चिन्ह:-



रमेश गनावा,
(1448) वनमण्डलाधिकारी.

कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी, (सा.) वनमण्डल, हरदा

आदेश

आ.क्र./मा.चि./169. हरदा, दिनांक 21 जून, 2017

हरदा वनमंडल (सा.) के परिक्षेत्र मगरधा की बीट बडझिरी का पार्श्व में अंकित हेमर श्री अजय कुमार बामने बीटगार्ड उत्तर मगरधा द्वारा गुमा दिया गया है. जिसकी रिपोर्ट दिनांक 12 अप्रैल, 2017 को थाना रहटगांव में दर्ज करायी गयी. बहुत खोज बीन के पश्चात् भी हेमर का पता नहीं चल सका.

अत: वन वित्तीय नियम-124 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए पार्श्व में अंकित हेमर को भण्डार एवं अभिलेख से अपलेखित किया जाता है. उक्त हेमर की कीमत बीटगार्ड श्री अजय कुमार बामने से रुपये 800/- (आठ सौ रुपये) की उनके वेतन से एक मुस्त वसूली की जाती है एवं भविष्य के लिये सचेत किया जाता है.



सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हेमर मिले तो उस हेमर को निकटतम थाने में या किसी वन कार्यालय में जमा करें. इस विज्ञप्ति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से हेमर रखने या प्रयोग में लाते हुये पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी तथा वह भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों के अन्तर्गत दण्ड का भागी होगा.

अनिल के. सिंह,
(1453) वनमण्डलाधिकारी.

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार

धार, दिनांक 31 मई, 2017

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अंतर्गत]

क्र./परि./2017/1277.—इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परि./2016/324, धार, दिनांक 23 फरवरी, 2016 के द्वारा तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गरडावद, जिला धार, मध्यप्रदेश जिसका पंजीयन क्रमांक 687, दिनांक 25 जुलाई, 1987 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाई जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री आर. आर. बघेल, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक श्री आर. आर. बघेल, सहकारी निरीक्षक द्वारा संस्था की संपूर्ण कार्यवाही सम्पन्न की जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. संस्था के नियुक्त परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, अम्बरीष वैद्य, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गरडावद, जिला धार, मध्यप्रदेश का पंजीयन निरस्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 31 मई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

अम्बरीष वैद्य,
(1442) उप-रजिस्ट्रार.

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ

झाबुआ, दिनांक 19 जुलाई, 2017

क्र./परि./2017/552.—बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, कालापीपल, तहसील झाबुआ, जिला झाबुआ, पंजीयन क्रमांक 860, दिनांक 16 दिसम्बर, 1996 को कार्यालयीन आदेश क्र./परि./679, दिनांक 08 अक्टूबर, 2003 से मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69(1) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया गया था.

परिसमापन से प्राप्त अंतिम प्रतिवेदन से प्रतीत हुआ है कि उक्त संस्था का लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, जी. एल. बडोलें, उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18(1) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल की विज्ञप्ति क्रमांक/एफ-5-1-99 पन्द्रह-1सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व आज दिनांक 19 जुलाई, 2017 से निर्गमित निकाय के रूप से नहीं रहेगा.

यह आदेश आज दिनांक 19 जुलाई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

जी. एल. बडोलें,

(1443) उप-पंजीयक.

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, सिवनी

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पांडरवानी को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./907, दिनांक 31 अगस्त, 2013 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री आर. पी. मेहरा, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड बरघाट को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं को प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पांडरवानी, पंजीयन क्रमांक 835, दिनांक 13 जून, 2008 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., अतरी को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./911, दिनांक 31 अगस्त, 2013 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री आर. पी. मेहरा, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड बरघाट को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं को प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., अतरी, पंजीयन क्रमांक 834, दिनांक 13 जून, 2008 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-A)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17/424.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., केसलई को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./908, दिनांक 31 अगस्त, 2013 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री आर. पी. मेहरा, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड बरघाट को इस संस्था का परिसमापक

नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं को प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., केसलइ, पंजीयन क्रमांक 836, दिनांक 13 जून, 2008 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-B)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., धनौरा को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./1542, दिनांक 26 दिसम्बर, 2005 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री हेमसिंह श्याम, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड धनौरा को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं को प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., धनौरा, पंजीयन क्रमांक 784, दिनांक 3 फरवरी, 2001 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-C)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17/426.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., मेहता को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./178, दिनांक 14 फरवरी, 2005 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री हेमसिंह श्याम, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड घंसौर को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं को प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., मेहता, पंजीयन क्रमांक 310, दिनांक 26.....,1979 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-D)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17/427.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., कुड़री को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./1542, दिनांक 26 दिसम्बर, 2005 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री हेमसिंह श्याम, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड धनौरा को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक

26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं का प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., कुड़ारी, पंजीयन क्रमांक 409, दिनांक 12 अगस्त, 1985 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-E)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पिंडरई को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./1542, दिनांक 26 दिसम्बर, 2005 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री हेमसिंह श्याम, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड धनौरा को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं का प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पिंडरई, पंजीयन क्रमांक 783, दिनांक 03 फरवरी, 2001 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-F)

सिवनी, दिनांक 31 मार्च, 2017

क्र./उपसि./परि./17/429.—दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., रैपुरा को इस कार्यालय के पत्र क्र./उपसि./परि./1542, दिनांक 26 दिसम्बर, 2005 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अंतर्गत परिसमापन में लाया गया था एवं संस्था के दायित्वों के निपटारे हेतु धारा-70 के तहत् श्री हेमसिंह श्याम, सह. विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड धनौरा को इस संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था के दायित्वों का निराकरण कर परिसमापक द्वारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. परिसमापन के अंतिम प्रतिवेदन के अनुसार प्रगट होता है कि वर्तमान में संस्था का किसी भी स्तर पर कोई लेन-देन शेष नहीं है.

अत: मैं, "नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी" मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 (क्रमांक17-1961) की धारा-18 (1) के अंतर्गत जिसके अधिकार मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं का प्रयोग करते हुए मैं दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., रैपुरा, पंजीयन क्रमांक 782, दिनांक 3 फरवरी, 2001 का पंजीयन निरस्त करता हूँ. उक्त संस्था का अस्तित्व इस आदेश दिनांक से समाप्त समझा जावे.

यह आदेश आज दिनांक 31 मार्च, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(1445-G)

सिवनी, दिनांक 02 मई, 2017

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत]

क्र./उपसि./परि./2017/538.—कार्यालयीन सूचना-पत्र क्र./उपसि/परि./438, दिनांक 31 मार्च, 2017 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., दोंदीवाड़ा पं. क्र. 420, विकासखण्ड बरघाट, जिला सिवनी को अवसर प्रदाय किया गया था, कि समुचित कारण उपलब्ध न होने से संस्था को क्यों न परिसमापन में लाया जावे.

उक्त सूचना-पत्र के संबंध में संस्था द्वारा नियत दिनांक तक उपस्थित होकर अपना पक्ष या प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया. तत्संबंध में संस्था का कार्य व्यवसाय बंद होने के कारण श्री मनोहर बोपचे सर्विस प्रोवाईडर दुग्ध शीत केन्द्र बंडोल के द्वारा अपने पत्र दिनांक 22 अप्रैल, 2017 के द्वारा संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु अनुसंशा की गई.

अत: मैं, नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अधिकार जो मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त किये गये हैं का उपयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., दोंदीवाड़ा पं. क्र. 420, विकासखण्ड बरघाट को परिसमापन में लाता हूँ तथा श्री दिलीप कुमार डहेरिया, उप-अंकेक्षक सहकारिता विभाग सिवनी को सहकारी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 02 मई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा सहित जारी किया जाता है.

(1445-H)

सिवनी, दिनांक 02 मई, 2017

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत]

क्र./उपसि./परि./2017/539.—कार्यालयीन सूचना-पत्र क्र./उपसि/परि./363, दिनांक 28 मार्च, 2017 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पोटिया पं. क्र. 786, विकासखण्ड कुरई, जिला सिवनी को अवसर प्रदाय किया गया था, कि समुचित कारण उपलब्ध न होने से संस्था को क्यों न परिसमापन में लाया जावे.

उक्त सूचना-पत्र के संबंध में संस्था द्वारा नियत दिनांक तक उपस्थित होकर अपना पक्ष या प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया. तत्संबंध में संस्था का कार्य व्यवसाय बंद होने के कारण श्री मनोहर बोपचे सर्विस प्रोवाईडर दुग्ध शीत केन्द्र बंडोल के द्वारा अपने पत्र दिनांक 22 अप्रैल, 2017 के द्वारा संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु अनुसंशा की गई.

अतः मैं, नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अधिकार जो मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त किये गये हैं का उपयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पोटिया पं. क्र. 786, विकासखण्ड कुरई को परिसमापन में लाता हूँ तथा श्री दिलीप कुमार डहेरिया, उप-अंकेक्षक सहकारिता विभाग सिवनी को सहकारी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 02 मई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा सहित जारी किया जाता है.

(1445-I)

सिवनी, दिनांक 02 मई, 2017

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत]

क्र./उपसि./परि./2017/540.—कार्यालयीन सूचना-पत्र क्र./उपसि/परि./362, दिनांक 28 मार्च, 2017 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., विजयपानी पं. क्र. 860, विकासखण्ड कुरई, जिला सिवनी को अवसर प्रदाय किया गया था, कि समुचित कारण उपलब्ध न होने से संस्था को क्यों न परिसमापन में लाया जावे.

उक्त सूचना-पत्र के संबंध में संस्था द्वारा नियत दिनांक तक उपस्थित होकर अपना पक्ष या प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया. तत्संबंध में संस्था का कार्य व्यवसाय बंद होने के कारण श्री मनोहर बोपचे सर्विस प्रोवाईडर दुग्ध शीत केन्द्र बंडोल के द्वारा अपने पत्र दिनांक 22 अप्रैल, 2017 के द्वारा संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु अनुसंशा की गई.

अतः मैं, नरेश सिन्हा, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थायें, सिवनी मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अधिकार जो मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह, 1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त किये गये हैं का उपयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., विजयपानी पं. क्र. 860, विकासखण्ड कुरई को परिसमापन में लाता हूँ तथा श्री दिलीप कुमार डहेरिया, उप-अंकेक्षक सहकारिता विभाग सिवनी को सहकारी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 02 मई, 2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा सहित जारी किया जाता है.

(1445-J)

सिवनी, दिनांक 02 मई, 2017

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत]

क्र./उपसि./परि./2017/541.—कार्यालयीन सूचना-पत्र क्र./उपसि/परि./369, दिनांक 28 मार्च, 2017 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., रमपुरी पं. क्र. 794, विकासखण्ड कुरई, जिला सिवनी को अवसर प्रदाय किया गया था, कि समुचित कारण उपलब्ध न होने से संस्था को क्यों न परिसमापन में लाया जावे.

उक्त सूचना-पत्र के संबंध में संस्था द्वारा नियत दिनांक तक उपस्थित होकर अपना पक्ष या प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया. तत्संबंध में संस्था का कार्य व्यवसाय बंद होने के कारण श्री मनोहर बोपचे सर्विस प्रोवाईडर दुग्ध शीत केन्द्र बंडोल के द्वारा अपने पत्र दिनांक 22 अप्रैल, 2017 के द्वारा संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु अनुसंशा की गई.

